# बाइबल-आधारित व्याख्या पाठ्यक्रम निर्देशिका

**उसने हमें पवित्रशास्त्र दिया : व्याख्या के आधार**

## पाठ्यक्रम का वर्णन

सुसमाचारिक मसीही पवित्रशास्त्र को परमेश्वर का त्रुटिरहित वचन मानते हैं, लेकिन फिर भी हम कभी-कभी विशेष पदों या अनुच्छेदों के अर्थ पर असहमत होते हैं, और ये मतभेद हमारे मसीही सिद्धांत और कार्य-व्यवहार को प्रभावित कर सकते हैं। इन असहमतियों का एक कारण यह है कि बाइबल की व्याख्या करने के कई अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। लेकिन हम कैसे जानें कि व्याख्या के लिए कौन-सा दृष्टिकोण सबसे सटीक है? यह पाठ्यक्रम उस प्रश्न का उत्तर देने में सहायता करेगा। यह व्याख्यान श्रृंखला *उसने हमें पवित्रशास्त्र दिया : व्याख्या के आधार* पर आधारित है, जिसे थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज द्वारा रचा गया है तथा डॉ. रिचर्ड एल. प्रैट जूनियर द्वारा प्रस्तुत किया गया है, और इसमें विभिन्न प्रोफेसरों ने भी योगदान दिया है।

## लक्ष्य और उद्देश्य

### *लक्ष्य*

इस पाठ्यक्रम में हम निम्नलिखित बातों को हासिल करना चाहेंगे :

1. हमारी आशा है कि आप बाइबल की व्याख्या के मूलभूत सिद्धांतों को समझेंगे, और साथ ही साथ व्याख्याशास्त्र की शब्दावली और इतिहास, अर्थ के प्रति बाइबल के दृष्टिकोण, पवित्रशास्त्र की अद्वितीय प्रकृति, तथा किसी अनुच्छेद के मूल अर्थ को खोजने और उसे हमारे आधुनिक संदर्भ में लागू करने के उचित तरीके को भी।

2. हमारी आशा है कि आप पवित्रशास्त्र का सावधानी से अध्ययन करने और उसकी व्याख्या करने के सर्वोत्तम तरीके को खोजने की इच्छा में बढ़ेंगे।

3. हमारी आशा है कि आप बाइबल की व्याख्या की उचित रीतियों को विकसित करने के लिए इस पाठ्यक्रम के दिशानिर्देशों को लागू करेंगे।

### *उद्देश्य*

जब आप निम्नलिखित बातों को कर लेंगे, तो यह दिखाएगा कि ये लक्ष्य पूरे हो चुके हैं :

1. प्रश्नोत्तरी और परीक्षाओं में यह दर्शाते हुए संतोषजनक अंक प्राप्त करें, कि आप बाइबल की व्याख्या के मूल सिद्धांतों को पहचान सकते हैं, और साथ ही साथ व्याख्याशास्त्र के इतिहास की शब्दावली और मुख्य जानकारी को, अर्थ के प्रति बाइबल के दृष्टिकोण के मुख्य पहलू को, पवित्रशास्त्र की अद्वितीय विशेषताओं को, और किसी अनुच्छेद के मूल अर्थ को खोजने और उसे हमारे आधुनिक संदर्भ में लागू करने के मुख्य सिद्धांतों को भी।

2. अध्ययन मार्गदर्शिकाओं में लागू करने के प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जिसमें आप अध्यायों की शिक्षाओं को बाइबल के किसी विशिष्ट अनुच्छेद पर लागू करने का अभ्यास करते हैं।

3. ऐसी साप्ताहिक चर्चाओं में भाग लेना जो थर्डमिल वीडियो की शिक्षाओं की समीक्षा करती हैं और उन पर ध्यान देती हैं ताकि आप अवधारणाओं को पूरी तरह से समझ सकें और उन्हें अपने जीवन और अपनी सेवकाई में लागू कर सकें।

**बाइबल-आधारित व्याख्या के पाठ्यक्रम के मॉड्यूल्स की सूची**

1. बाइबल के व्याख्या-शास्त्र का परिचय
2. व्याख्या के लिए तैयारी
3. पवित्रशास्त्र की जाँच करना
4. अर्थ के दृष्टिकोण
5. अर्थ की जटिलता
6. अर्थ को खोजना
7. पवित्रशास्त्र को लागू करना
8. आधुनिक अनुप्रयोग और पुराने नियम के युग
9. आधुनिक अनुप्रयोग और नई वाचा
10. बाइबल की संस्कृति और आधुनिक अनुप्रयोग
11. लोगों के लिए आधुनिक अनुप्रयोग

## पाठ्यक्रम के तत्वों की व्याख्या

### *बैज*

1. प्रत्येक सप्ताह आपकी सामूहिक चर्चा के समय का एक भाग ***बैज डॉक्यूमेंट*** पर कार्य करने के लिए समर्पित होना चाहिए। यह दो-पृष्ठीय मार्गदर्शिका आपके प्रशिक्षक के लिए एक सामान्य निर्देश प्रदान करेगी, जब आप इस महत्वपूर्ण सेवकाई कौशल को विकसित करना चाहते हैं।

2. पहले कुछ सप्ताहों में, आपकी चर्चा के समय का कुछ हिस्सा बैज निर्देशों में दिए गए चर्चा *के विषयों* पर कार्य करने में व्यतीत होगा।

3. एक बार जब सामूहिक चर्चा के समय के द्वारा एक ठोस नींव रखी जा चुकी हो तो शेष सप्ताह *कार्य की बुलाहट* बैज पर कार्य करते हुए बिताएँ।

4. आपके प्रशिक्षक द्वारा जब बैज निर्देशों के संदर्भ में कार्य के चरणों की पूर्णता को निर्धारित कर दिया जाता है तो आपको बैज प्रदान किया जाएगा।

## *मॉड्यूल्स*

1. अध्यायों का *अध्ययन* करें; **वीडियो** देखें, **ऑडियो** सुनें, या **प्रतिलिपि** पढ़ें।

2. प्रत्येक मॉड्यूल की ***अध्ययन मार्गदर्शिका*** को पूरा करें। ये अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ आपको ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी के लिए तैयार करेंगी।

3. प्रत्येक मॉड्यूल के लिए ऑनलाइन ***प्रश्नोतरी*** को पूरा करें। आप जितनी बार चाहें प्रश्नोत्तरी को पूरा कर सकते हैं, परंतु आपको प्रत्येक प्रयास के बीच एक घंटे का अंतराल रखना होगा। आपके द्वारा प्राप्त उच्चतम अंक आधिकारिक अंक होंगे। हमारा सुझाव है कि आप साप्ताहिक चर्चा में भाग लेने से पहले कम से कम 80% अंक प्राप्त करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप अवधारणाओं को सही तरीके से समझ गए हैं।

4. ***चर्चा मार्गदर्शिका*** का उपयोग करते हुए अपने समूह और प्रशिक्षक के साथ साप्ताहिक चर्चा में भाग लें। पाठ्यक्रम सामग्री की आपकी पूरी समझ के लिए और आपके जीवन और आपकी सेवकाई में अवधारणाओं को सही ढंग से लागू करने की आपकी क्षमता के लिए ये चर्चाएँ महत्वपूर्ण हैं। हमारी सिफारिश है कि प्रत्येक मॉड्यूल के लिए कम से कम एक घंटे की चर्चा हो।

## *अंतिम परीक्षा*

आप समीक्षा के लिए जितनी बार चाहें परीक्षा दे सकते हैं, परंतु आपको प्रत्येक प्रयास के बीच एक घंटे का अंतराल रखना होगा। आपके उच्चतम अंक आधिकारिक अंक होंगे, और पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए आपको अंतिम परीक्षा में कम से कम 80% अंक प्राप्त करने होंगे।

## अंक

अंतिम अंकों की गणना निम्न प्रकार से की जाएगी :

1. व्याख्यानों पर आधारित प्रत्येक प्रश्नोत्तरी 30 अंकों की है।

2. व्याख्यानों पर आधारित अंतिम परीक्षा 100 अंकों की है।

3. बैज आपके ग्रेड को प्रभावित नहीं करेगा, परंतु प्रशिक्षक की संतुष्टि के लिए इसे पूरा किया जाना चाहिए और बाइबल-आधारित अध्ययनों में सर्टिफिकेट की सूची पर इसे पूर्ण के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए।

80% से अधिक के कुल पाठ्यक्रम अंकों को उत्तीर्ण के रूप में माना जाता है।

-----------------------------------

**इस पाठ्यक्रम में योगदान देनेवालों की सूची** (सूचीबद्ध संस्थान *रिकॉर्डिंग के समय से संबंधित हैं*)

**डॉ. जिमी आगन** नए नियम के एसोसिएट प्रोफेसर हैं और कोवेनेंट थियोलॉजिकल सेमिनरी में प्रचार-शास्त्र के डायरेक्टर हैं।

**डॉ. डेविड आर. बौर** स्कूल ऑफ़ बिब्लिकल इंटरप्रटेशन के डीन, और ओसबरी थियोलॉजिकल सेमिनारी में सघन बाइबल अध्ययन के राल्फ वाल्डो बीसन प्रोफेसर हैं।

**डॉ. ब्रूस बौगस** रिफॉर्म्ड थियोलॉजिकल सेमिनारी में दर्शनशास्त्र और धर्मविज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

**डॉ. स्टीव ब्लेकमोर** वेस्ली बाइबल सेमिनरी में दर्शनशास्त्र के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डेरेल एल. बॉक** डालस थियोलॉजिकल सेमिनरी में सांस्कृतिक जुड़ाव के कार्यकारी निदेशक और नए नियम के अध्ययन के वरिष्ठ अनुसंधान प्रोफेसर हैं।

**डॉ. स्टीफन जे. ब्रामर** डालस थियोलॉजिकल सेमिनारी में बाइबल व्याख्या के प्रोफेसर और विभाग-अध्यक्ष हैं।

**डॉ. पी.जे. ब्यूज़**, वर्ल्ड रिफॉर्म्ड फेलोशिप के एसोसिएट इंटरनेशनल डायरेक्टर और दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में नॉर्थवेस्ट यूनिवर्सिटी में मिशनरी रिसर्च के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डेविड डब्ल्यू. चैपमैन** कोवेनेंट थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम और पुरातत्व-शास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

**डॉ. गैरी कॉकरिल** वेस्ली बिब्लिकल सेमिनारी में नए नियम और बाइबल-आधारित धर्मविज्ञान के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. ब्रैंडन डी. क्रो** वेस्टमिंस्टर थियोलॉजिकल सेमिनारी में नए नियम के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. एंड्रयू डेविस** उत्तरी कैरोलिना के डरहम के फर्स्ट बैपटिस्ट चर्च में वरिष्ठ पास्टर हैं, और साउथ ईस्टर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में ऐतिहासिक धर्मविज्ञान के विजिटिंग प्रोफेसर हैं।

**डॉ. हॉवर्ड एरिक** बर्मिंघम थियोलॉजिकल सेमिनरी में बाइबल-आधारित परामर्श के निदेशक और ब्रायरवुड प्रेस्बिटेरियन चर्च में परामर्श सेवकाई के पास्टर हैं।

**डॉ. मैट फ्रीडमैन** वेस्ली बाइबल सेमिनरी में सुसमाचार-प्रचार और शिष्यत्व के प्रोफेसर हैं।

**रेव्ह. माइकल जे. ग्लोडो** रिफॉर्म्ड थियोलॉजिकल सेमिनरी के ओरलैंडो कैंपस में बाइबल-आधारित अध्ययन के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. थाड जेम्स, जूनियर** बर्मिंघम थियोलॉजिकल सेमिनारी में शैक्षणिक विषयों के उपाध्यक्ष हैं।

**डॉ. डेनिस ई. जॉनसन** वेस्टमिंस्टर सेमिनरी कैलिफ़ोर्निया में अकेडमिक डीन और व्यावहारिक धर्मविज्ञान के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. क्रेग एस. कीनर** एसबरी थियोलॉजिकल सेमिनरी में एफ.एम. और बाइबल-आधारित अध्ययनों के एडा थॉम्पसन अध्यक्ष हैं।

**डॉ. घासन ख़लफ़** लेबनान के मंसूरीह एल मतेन में अरब बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनारी में बाइबल-आधारित अध्ययन के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डेनियल एल. किम** कोवेनेंट थियोलॉजिकल सेमिनारी में पुराने नियम के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. माइकल जे. क्रूगर** नार्थ कैरोलिना के शार्लो में रिफॉर्मड थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम के अध्यक्ष और प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डेविड टी. लैम्ब** बिब्लिकल थियोलॉजिकल सेमिनारी में पुराने नियम के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. रॉबर्ट जी. लिस्टर** टैलबोट स्कूल ऑफ थियोलॉजी में बाइबल और धर्मवैज्ञानिक अध्ययनों के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. रॉबर्ट के. मैकवेन** ईस्ट एशिया स्कूल ऑफ थियोलॉजी में चीनी धर्मविज्ञान विभाग के निदेशक हैं।

**डॉ. मिगुएल नुनेज़** डोमिनिकन गणराज्य के सैंटो डोमिंगो में अंतर्राष्ट्रीय बैपटिस्ट चर्च के वरिष्ठ पास्टर हैं।

**डॉ. लुइस ओर्टेज़ा** बर्मिंघम थियोलॉजिकल सेमिनरी में काउंसलिंग के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

**डॉ. जॉन ओसवाल्ट** एसबरी थियोलॉजिकल सेमिनरी में पुराने नियम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर हैं।

**रेव्ह. यूसेफ अउरहमान** अल्जीरिया में टिमोथी ट्रेनिंग स्कूल में कलीसिया के अगुवों को प्रशिक्षण देने में कार्यरत हैं।

**डॉ. जोनाथन टी. पेनिंगटन** द सदर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम की व्याख्या के सहायक प्रोफेसर और रिसर्च डोक्ट्रल स्टडीज के निदेशक हैं।

**ग्रेगरी आर. पेरी** नए नियम के एसोसिएट प्रोफेसर हैं और कोवेनेंट थियोलॉजिकल सेमिनरी में सिटी मिनिस्ट्री इनिशिएटिव के निदेशक हैं।

**डॉ. रॉबर्ट एल. प्लमर** द सदर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम के इंटरप्रेटेशन के एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

**डॉ. वर्न एस. पोयथ्रेस** वेस्टमिंस्टर थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम की व्याख्या के प्रोफेसर और वेस्टमिंस्टर थियोलॉजिकल जर्नल के संपादक हैं।

**डॉ. जे. स्कॉट रेड** वाशिंगटन डीसी में रिफोर्म्ड थियोलॉजिकल सेमिनरी के कैंपस अध्यक्ष और पुराने नियम के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. फिलिप राइकेन** व्हीटन कॉलेज के अध्यक्ष हैं।

**डॉ. ग्लेन जी. स्कोर्गी** बेथेल सेमिनारी के सैन डिएगो में धर्मविज्ञान के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. जेम्स डी. स्मिथ III** सैन डिएगो की बेथेल सेमिनरी में कलीसिया इतिहास के सहायक प्रोफेसर और सैन डिएगो यूनिवर्सिटी में धर्म के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. के. एरिक थोनेस** बायोला विश्वविद्यालय के टैलबोट स्कूल ऑफ थियोलॉजी में बाइबल-आधारित और धर्मवैज्ञानिक अध्ययनों के प्रोफेसर हैं तथा बाइबल-आधारित और धर्मवैज्ञानिक अध्ययनों के धर्मविज्ञान विभाग के अध्यक्ष हैं।

**रेव्ह. डॉ. स्टीफन टोंग** एक प्रसिद्ध चीनी प्रचारक और धर्मविज्ञानी, रिफॉर्म्ड इवेंजेलिस्टिक आन्दोलन के प्रवर्तक और स्टीफन टोंग इवेंजेलिस्टिक मिनिस्ट्रीज इंटरनेशनल (एस.टी.ई.एम.आई.), और इंडोनेशिया की रिफॉर्म्ड इवेंजेलिकल चर्च और सेमिनारी के संस्थापक हैं।

**डॉ. स्टीफन उम** बोस्टन में सिटीलाइफ प्रेस्बिटेरियन चर्च के वरिष्ठ पास्टर हैं।

**डॉ. माइल्स वान पेल्ट** रिफॉर्म्ड थियोलॉजिकल सेमिनरी में पुराने के प्रोफेसर और शैक्षणिक डीन हैं।

**डॉ. साइमन विबर्ट** इंग्लैंड के वर्जीनिया वाटर में क्राइस्ट चर्च के वरिष्ठ पास्टर और विक्लिफ हॉल, ऑक्सफोर्ड में पूर्व उप-प्रधानाचार्य और स्कूल ऑफ प्रीचिंग के निदेशक हैं।

**डॉ. ब्रायन जे. विकर्स** द सदर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम की व्याख्या के सहायक प्रोफेसर और द सदर्न बैपटिस्ट जर्नल ऑफ़ थियोलॉजी के सहायक संपादक हैं।

**डॉ. केरी विनज़ेंट** वेस्ली बाइबल सेमिनरी में विधिवत धर्मविज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं।

**डॉ. पीटर वॉकर** ट्रिनिटी स्कूल ऑफ़ मिनिस्ट्री में बाइबल अध्ययनों के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डैनियल बी. वालेस** डालस थियोलॉजिकल सेमिनारी में नए नियम के अध्ययन के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. गाइ वाटर्स** रिफॉर्मड थियोलॉजिकल सेमिनरी में नए नियम के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. स्टीफन जे. वेलम** द सदर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में मसीही धर्मविज्ञान के प्रोफेसर हैं।

**डॉ. डोनाल्ड एस. व्हिटनी** द सदर्न बैपटिस्ट थियोलॉजिकल सेमिनरी में बाइबल-आधारित आत्मिकता के सहायक प्रोफेसर और स्कूल ऑफ थियोलॉजी के वरिष्ठ सहायक डीन हैं।

**डॉ. सैंडर्स एल. विल्सन** मेम्फिस, टेनेसी में सेकंड प्रेस्बिटेरियन चर्च में वरिष्ठ सेवक हैं, तथा द गॉस्पेल कोएलिशन, यूनियन यूनिवर्सिटी और रिफॉर्म्ड थियोलॉजिकल सेमिनरी के बोर्ड में कार्य करते हैं।